प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज ।

सेवा में,

1– प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
2– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/35370-618 **/2022–23 दिनांक** 26-02-2023

विषय– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन कराने के संबंध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन निम्न समय सारिणी के अनुसार कराया जाना है।

क्र0 सं0	विवरण/निर्देश	दिनांक
1	जनपद व्दारा समय सारिणी एवं निर्देशों का प्रेषण	01.03.2023
2	जनपद स्तर पर कक्षा–1 से 5 व कक्षा–6 से 8 तक के प्रश्नपत्रों का निर्माण	06.03.2023
3	जनपद स्तर पर प्रश्नपत्रों का मुद्रण	15.03.2023
4	खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रश्न पत्रों का विद्यालय स्तर पर वितरण	18.03.2023
5	वार्षिक गृह परीक्षाओं का आयोजन	20.03.2023 से 24.03.2023
6	मूल्यांकन कार्य एवं परीक्षाफल तैयार करना	26.03.2023 से 30.03.2023
7	परीक्षाफल की घोषणा एवं प्रगति रिपोर्ट का वितरण	31.03.2023

1– शैक्षिक सत्र 2022–23 में वार्षिक परीक्षा का आयोजन शासनादेश संख्या–529 /79–6–2015 दिनांक 26 जून, 2015 एवं शासनादेश संख्या–124/79–6–2016 दिनांक 02 फरवरी, 2016 में दिये गये निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए शुचितापूर्ण ढंग से सम्पादित कराया जाना है।

2– शासनादेश संख्या–529/79–6–2015 दिनांक 26 जून, 2015 एवं शासनादेश संख्या–124 /79–6– 2016 दिनांक 02 फरवरी, 2016 में दी गयी व्यवस्थानुसार शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा 1 की वार्षिक परीक्षा मौखिक एवं कक्षा 2 से 5 की वार्षिक परीक्षा लिखित एवं मौखिक तथा कक्षा 6 से 8 तक वार्षिक परीक्षा लिखित होगी।

3– शैक्षिक सत्र 2022–23 की में सम्पन्न कराये जाने वाली वार्षिक परीक्षा 50 अंकों की होगी।

4– शैक्षिक सत्र 2022–23 की वार्षिक परीक्षा समस्त जनपदों में निम्न समय सारिणी के अनुसार पूर्णतः अनुपालन करते हुए कराया जायेगा। समय सारिणी में किसी प्रकार का विचलन एवं परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

दिनांक	20.03.2023		21.03.2023		22.03.2023		23.03.2023		24.03.2023	
कक्षा	प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 तक	द्वितीय पाली अपरान्ह 12.30 से 2.30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 तक	द्वितीय पाली अपरान्ह 12.30 से 2.30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 तक	द्वितीय पाली अपरान्ह 12.30 से 2.30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 तक	द्वितीय पाली अपरान्ह 12.30 से 2.30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 तक	द्वितीय पाली अपरान्ह 12.30 से 2.30 तक
1	मौखिक परीक्षा		–	–	–	–	–	–	–	–

2	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा		गणित	–	–	अंग्रेजी	हिन्दी	–	–	–
3	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा		गणित	संस्कृत /उर्दू	हिन्दी	अंग्रेजी	सामाजिक विषय	कला / संगीत	कार्यानुभव / नैतिक शिक्षा	–
4	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा		हिन्दी	संस्कृत /उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला / संगीत	कार्यानुभव / नैतिक शिक्षा	–
5	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा		हिन्दी	संस्कृत / उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला / संगीत	कार्यानुभव / नैतिक शिक्षा	–
6	बेसिक काफ्ट / सम्ब0कला /कृषि / गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा / स्काउटिंग	हिन्दी	संस्कृत /उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला / संगीत	विज्ञान	पर्यावरण अध्ययन
7	बेसिक काफ्ट / सम्ब0कला /कृषि / गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा / स्काउटिंग	विज्ञान	संस्कृत /उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला / संगीत	हिन्दी	पर्यावरण अध्ययन
8	बेसिक काफ्ट / सम्ब0कला /कृषि / गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा / स्काउटिंग	विज्ञान	संस्कृत /उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला / संगीत	हिन्दी	पर्यावरण अध्ययन

5– शासनादेश संख्या–529 /79–6–2015 दिनांक 26 जून, 2015 एवं शासनादेश संख्या–124 /79–6– 2016 में दी गयी व्यवस्थानुसार लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार रखा जायेगा।

6– मौखिक परीक्षा की प्रश्नोत्तरी विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक की देखरेख में तैयार किया जायेगा।

7– शासनादेश में दी गयी व्यवस्थानुसार मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा।

8– वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर कक्षा 1 से कक्षा 8 तक किसी भी छात्र छात्रा की कक्षोन्नति नहीं रोकी जायेगी।

9– वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन से सम्बन्धित अभिलेख प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का प्राप्ति रजिस्टर/वितरण एवं अन्य सभी आवश्यक अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जायेंगे।

10– उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज में श्री राजेन्द्र कुमार, उप सचिव, नोडल अधिकारी एवं सह प्रभारी श्री राशिद इकबाल एवं निर्भय श्रीवास्तव सम्बन्धित सहायक नामित है। नोडल अधिकारी की देखरेख में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष संख्या– 0532–4068926 है मोबाइल नम्बर– 7619883965 तथा कन्ट्रोल रूम के सम्बन्धित सहायक श्री निर्भय श्रीवास्तव एवं श्री राशिद इकबाल है।

शैक्षिक सत्र 2022–23 की वार्षिक परीक्षा का पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय स्तर पर सम्बन्धित प्रधानाध्यापक, विकास खण्ड स्तर पर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का होगा। परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता के लिए सम्बन्धित उत्तरदायी होंगे। वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन का कार्य तदविषयक निर्गत शासनादेश एवं विभागीय